साप्ताहिक

# रणजीत टाइम्स

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 24 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 तक | प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे | वर्ष 13 अंक-40 कुल पृष्ठ: 8 मूल्य 2 रू.

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय 5 पैसे की बढ़त के साथ ही 90.94 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया 21 पैसे उछलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.73 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को बढ़ाकर 15 फीसदी करने की आशंकाओं के बीच डॉलर के कमजोर होने से घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.76 पर खुला और फिर 90.73 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शु वार को 26 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.94 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 97.47 पर रहा।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। सकारात्मक वैश्विक संकेत, विदेशी निवेशकों की वापसी और बैंकिंग सेक्टर में मजबूती से भी बाजार को समर्थन मिला है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स479.95 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,294.66 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 141.75 अंक बढ़कर 25,713 पर बंद हुआ।

## होली पर 80 हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद, देसी उत्पादों की धूम

**मुंबई।** इस साल होली देशभर के व्यापारियों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। कॉन्फेडरेशन आफ आल इं?डिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार इस बार त्योहार के मौके पर 80,000 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 60,000 करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 25 फीसदी ज्यादा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान का असर अब बाजारों में साफ नजर आ रहा है। अब होली के रंग, पिचकारियां और सजावटी सामान स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों से भरे बाजारों में मिल रहे हैं। ग्राहकों में सेहत और त्वचा को लेकर जागरूकता बढ़ने से केमिकल रंगों की बजाय हर्बल और प्राकृतिक रंगों की मांग तेजी से बढ़ी है।

## प्रतिबंधों का असर, भारत का कच्चा तेल आयात बदलते संतुलन की ओर

**मुंबई।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात धीरे-धीरे घट रहा है। फरवरी 2026 की शुरुआत में रोजाना लगभग 1.09 मिलियन बैरल तेल रूस से आया, जो जनवरी के 1.22 मिलियन बैरल से 10 फीसदी कम है। शिपिंग डेटा और विशेषज्ञों के अनुसार मार्च में यह और घटकर 8-10 लाख बैरल प्रतिदिन रह सकता है। यू `न युद्ध के बाद भारत ने रूस से डिस्काउंट पर बड़ी मात्रा में तेल खरीदा था, लेकिन अब वह दौर धीरे-धीरे स्थिर हो रहा है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के कारण रूस से आयात बढ़ाना सीमित है।

# उज्जैन से जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना स्थानीय क्षेत्र के समग्र विकास की बनेगी नई पहचान : मुख्यमंत्री यादव

**भोपाल।**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास की बात पर हम सब एक हैं। सबके साझा प्रयासों से हम मध्यप्रदेश को देश के विकसित प्रदेशों की श्रेणी में लेकर आएंगे। प्रदेश में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारियों के कल्याण के लिए मिशन मोड पर काम जारी है। इसी कड़ी में हमने जीवाईएएन में आई फॉर इंडस्ट्रियलाइजेशन और आई फॉर इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर इसे ज्ञानी बना दिया है। अब विकास की दिशा में यही हमारा मूल मंत्र है। किसानों की बेहतरी के लिए हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। किसानों को अपने उत्पाद देश की बड़ी मंडियों तक पहुंचाने के लिए पहली जरूरत कनेक्टिविटी होती है। किसानों की इस जरूरत को पूरा करने के लिये हमने प्रदेश में सड़क मार्गों और राजमार्गों का जाल बिछाने का बीड़ा उठाया है।

उज्जैन से जावरा तक बनने वाली ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना (हाई-वे) भी इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। करीब 5017 करोड़ रूपए से अधिक लागत से बनने वाला यह ग्रीनफील्ड हाई-वे इस क्षेत्र के समग्र विकास की एक नई पहचान बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आए किसान प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उज्जैन जिले के घट्टिया और नागदा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए किसानों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना को जमीन स्तर (नॉन एलीवेटेड पैटर्न) पर त्वरित मंजूरी देने के लिए स्वागत एवं अभिनंदन कर आभार माना। इस अवसर पर घट्टिया विधायक डॉ. सतीश मालवीय, नागदा विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विकास पुरूष बताकर जिले की जनता को यह सौगात देने के लिए गजमाला से अभिनंदन किया।

# भारत टैक्सी से जुड़े चालकों के लिए न्यूनतम आधार किराया तय होगा : मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली। एजेंसी**




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हाल ही में शुरू की गई सहकारी टैक्सी सेवा भारत टैक्सी अपने मंच से जुड़े सभी 'सारथियों' (चालकों) के लिए प्रति किलोमीटर न्यूनतम आधार किराया सुनिश्चित करेगी और इस दर से नीचे सेवा संचालित नहीं की जाएगी। शाह ने यहां भारत टैक्सी के सारथियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि मौजूदा टैक्सी एग्रीगेटर कंपनियों ने अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए चालकों के लिए कोई आधार दर तय नहीं की है, जबकि भारत टैक्सी में ऑटो की लागत, पेट्रोल की खपत और न्यूनतम लाभ को जोड़कर बेस रेट निर्धारित किया जाएगा। यह सेवा पारदर्शिता के सिद्धांत पर काम करेगी और किसी भी बदलाव की सूचना एक सप्ताह पहले सारथियों को मोबाइल पर दी जाएगी। अमित शाह ने कहा, ÷भारत टैक्सी में कुछ भी छिपा नहीं होगा। सारथियों को नोटिफिकेशन के ज़रिए हर जानकारी देने से 'भारत टैक्सी' दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सर्विस बनेगी। भारत टैक्सी सारथियों की मिनिमम वायबिलिटी के आधार पर एक बेसलाइन किलोमीटर रेट तय करके चलेगी। भारत टैक्सी में ऑटो के मूल्य, पेट्रोल की खपत और मिनिमम प्रॉफ़िट को मिलाकर एक बेस रेट बनाया जाएगा और सर्विस इस रेट से नीचे नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी का उद्देश्य किसी निजी कंपनी की तरह अधिकतम मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि सारथियों को सशक्त बनाना है। इस सहकारी मॉडल में सारथी ही मालिक होंगे और 500 रुपये का शेयर लेकर साझेदार बन सकेंगे। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव में सारथियों के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी, ताकि वे स्वयं अपने हितों की रक्षा कर सकें।शाह ने कहा कि भारत टैक्सी की आय का 20 प्रतिशत पूंजी के रूप में संस्था के खाते में रखा जाएगा, जबकि 80 प्रतिशत राशि सारथियों को उनके द्वारा चलाए गए किलोमीटर के आधार पर लौटाई जाएगी। शुरुआती तीन वर्षों में विस्तार पर ध्यान दिया जाएगा, इसके बाद लाभ का वितरण इसी अनुपात में होगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि आने वाले तीन सालों में देश के प्रत्येक नगर निगम में 'भारत टैक्सी' मौजूद होगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता के सिद्धांत को समझने की आवश्यकता है और उदाहरण देते हुए अमूल का उल्लेख किया, जहां लाखों महिलाओं ने छोटे निवेश से बड़ी सहकारी संस्था खड़ी की है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी भी इसी प्रकार का एक बड़ा सहकारी आंदोलन बनेगी और आने वाले तीन वर्षों में देश के प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। महिला सशक्तीकरण के तहत 'सारथी दीदी' की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि ऐप में ऐसा प्रावधान किया जाएगा कि एकल महिला यात्री को प्राथमिकता से महिला सारथी उपलब्ध कराई जाए, जिससे सुरक्षा और आत्मनिर्भरता दोनों सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि सारथियों की शिकायतों के निवारण के लिए वेबसाइट पर विशेष विंडो बनाई जाएगी और फीडबैक के आधार पर नीतियों में लगातार सुधार किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी विस्फोट में एसटीएफ जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दक्षिण क्षेत्र में सोमवार को एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान प्रेशर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का एक जवान घायल हो गया है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम सोमवार को नियमित एरिया डॉमिनेशन अभियान पर निकली थी। बीजापुर जिले के दक्षिणी क्षेत्र के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की ओर से पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी पर पैर पड़ते ही अचानक विस्फोट हो गया। धमाके की चपेट में आने से एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि जवान एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी पर था। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारणों के चलते जवान की व्यक्तिगत पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

### जेवर एयरपोर्ट और उभरते इन्फास्ट्रक्चर इकोसिस्टम के लिए तैयार होगा इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर

# आईटीई कॉलेज सेंट्रल में एमओयू के साक्षी बने मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ. एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सिंगापुर दौरे के पहले दिन आईटीई कॉलेज सेंट्रल में आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को सशक्त बनाने से जुड़े समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर के साक्षी बने। यह पहल उत्तर प्रदेश के तेजी से विस्तारित हो रहे बुनियादी ढांचे और रोजगार तंत्र को वैश्विक मानकों के अनुरूप कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अपने सिंगापुर दौरे के पहले दिन सोमवार को मुख्यमंत्री योगी ने कॉलेज परिसर और एविएशन हब का निरीक्षण किया तथा उद्योगों के साथ एकीकृत प्रशिक्षण के वैश्विक मॉडल को ध्यान से देखा। उन्होंने प्रशिक्षण सुविधाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं और व्यावहारिक शिक्षा प्रणाली की सराहना की। मुख्यमंत्री ने आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ विस्तृत बैठक कर तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में अनुभव, विशेषज्ञता और प्रशिक्षण मॉडल को साझा करने तथा मिलकर काम करने पर बातचीत की। उन्होंने सिंगापुर की आईटीई संस्था को उत्तर प्रदेश के साथ स्पष्ट और केंद्रित सहयोग के लिए आमंत्रित किया, जिसमें एविएशन, डेटा सेंटर संचालन और मेक्ट्रॉनिक्स (मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक तकनीक का संयोजन) जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रस्तावित सहयोग के तहत ऐसे सुव्यवस्थित तरीके से तैयार और परिणामोन्मुख कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिनसे उद्योगों की जरूरत के अनुसार युवा प्रतिभा विकसित हो सके। यह पहल राज्य के अगले चरण के इन्फ्रास्ट्रक्चर-आधारित विकास को मजबूत आधार देगी। इस रूपरेखा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, आईटीई सिंगापुर जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ मिलकर एविएशन एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ऑपरेशंस), कार्गो संचालन, मेक्ट्रॉनिक्स और एयरसाइड लॉजिस्टिक्स में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थापित कर सकता है।

# झाबुआ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी गई दो मोटरसाइकिलें बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**झाबुआ।**

थाना कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2 लाख 65 हजार रुपये मूल्य की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

मामला 1- फरियादी सुमित डामोर निवासी रामदास कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 फरवरी की रात करीब 9ः30 बजे उन्होंने अपनी यामाहा क्र15 , जिसकी कीमत लगभग 1.90 लाख रुपये है, शगुन गार्डन के सामने खड़ी की थी। गार्डन से वापस लौटने पर



बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 135/26 धारा 303(2) क्वहस् के तहत मामला दर्ज किया।

मामला 2- दूसरे मामले में, फरियादी कालू खराड़ी निवासी मोहड़ी डुंगरी ने बताया कि वह होंडा शाइन बाइक लेकर झाबुआ आया था। सिद्धेश्वर कॉलोनी मंदिर के पास बाइक खड़ी करके बाजार करने चला गया। वापस आने पर बाइक नहीं मिली। जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 134/26 दर्ज कर जांच शुरू की। उक्त प्रकरणों में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी शाकिर पिता साबिर सय्यद एवं विकास पिता बादल भूरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दोनों चोरी गई मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गई हैं।

## विशाल शर्मा की याद में गौ सेवा की



**महू। जितेन्द्र वर्मा .** पत्रकार विशाल शर्मा की जन्म जयंती पर विशाल पत्रकार उत्सव समिति द्वारा गौ शाला में गौ सेवा की गई। राधा कृष्ण गौ शाला में समिति के सदस्यों उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इसके बाद गायों को हरा चारा खिलाया। इस मौके पर समिति के कपिल शर्मा, प्रणय जैन, अनुज महेश्वरी, अंकित नीम, हर्षल गहलोत, सुनील काले, विक्रम जेस, श्याम खांडेकर, जितेन्द्र वर्मा.सहित वरिष्ठ नागरिक, समाज सेवी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि विशाल पत्रकार उत्सव समिति द्वारा निशुल्क गरबा, रक्त दान। सहित अनेक समाज सेवा के कार्य पूरे साल लिए जाते है।




**इंदौर. अभय प्रशाल, इंदौर में आयोजित मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा में प्रशांत महंत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 प्लस आयु वर्ग में मध्य प्रदेश का खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने बेहतरीन खेल कौशल, अनुभव और आत्मविश्वास का परिचय दिया, जिससे वे चैंपियन बनने में सफल रहे। इस जीत के साथ ही प्रशांत महंत का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है। अब वे मई माह में पुणे में आयोजित होने वाली नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे ।खेल प्रेमियों और टेबल टेनिस समुदाय ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।**



**इंदौर.**मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई पहचान देते हुए CARE CHL हॉस्पिटल, इंदौर राज्य का पहला कॉर्पोरेट 200-बेडेड मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल बनकर उभरा है। अस्पताल में 30 से अधिक विशेषज्ञताओं में अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध है, जिनमें कार्डियोलॉजी, कैंसर केयर, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, किडनी-लिवर-बोन मैरो ट्रांसप्लांट, TAVI तथा अन्य आधुनिक मिनिमली इनवेसिव सर्जरी शामिल हैं। इसी क्रम में रणजीत टाइम्स की डेस्क इंचार्ज रेणु कैथवास ने अस्पताल के HCOO (Hospital Chief Operating Officer) श्री मनीष गुप्ता से विशेष मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मां अहिल्या की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया तथा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, नई तकनीक और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की। श्री मनीष गुप्ता ने बताया कि CARE CHL हॉस्पिटल का उद्देश्य इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश के मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े।

## होली भगोरिया पर्व के मद्देनज़र 132 बल्क लीटर अवैध बीयर जप्त, आरोपी गिरफ्तार



**सरदारपुर.दिलीप पाटीदार**

सरदारपुर थाना प्रभारी अनिल जाधव ने बताया कि होली एवं भगोरिया पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध मदिरा विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरदारपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई मयंक अवस्थी (पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक) के मार्गदर्शन, पारूल बेलापुरकर (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) के निर्देशन तथा विश्वदीपसिंह परिहार (एसडीओपी, सरदारपुर) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अनिल जाधव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए। मौके पर आरोपी मन्नु पिता तेरसिंह मुणिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम तलावपाड़ा थाना सरदारपुर को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अन्य आरोपी फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार आरोपी के घर की तलाशी लेने पर 11 पेटियाँ माउण्ट 600 केन बीयर बरामद हुईं। आरोपी के घर से कुल 132 बल्क लीटर बीयर, जप्त कि गई जिसकी कीमत 30,360/- है। थाना प्रभारी अनिल जाधव ने कहा की क्षेत्र में लगातार गश्त एवं निगरानी बढ़ा दी गई है। त्योहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कि जाएगी। उक्त कार्रवाई में सदरपुर थाने से उपनिरीक्षक जगदीशचन्द्र निनामा, उपनिरीक्षक नवलसिंह बघेल प्र.आर. गज्जुलाल वसुनिया, प्र.आर.सरदारसिंह, आरक्षक प्रताप डोडियार, आरक्षक मनोज मुजाल्दे की भूमिका रही।

# विदेशी मदिरा बोल्ट बियर की 199 पेटी जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**धार। दिलीप पाटीदार**

कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी संभाग इंदौर श्री संजय तिवारी, एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार श्री राज नारायण सोनी के मार्गदर्शन में धार जिले में आबकारी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत्त धार में आबकारी विभाग की अवैध मदिरा परिवहन/विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिनेश उदेनिया




के नेतृत्व में अवैध मदिरा से भरी आयसर वाहन को पकड़ा गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई जेतपुराट्ठबगड़ी तुर्क रोड पर जीतल सोल्यूशन वेयरहाउस परिसर के भीतरअवैध शराब से भरी एक आयसर गाड़ी नंबर ख्क09त्न श्व7345 खड़ी है जिसमें शराब विशेष चैम्बर में भारी है जिसकी तलाशी लेने पर बोल्ट कैन बियर की 199 पेटियां बरामद की गई। वाहन से कुल 2388 बल्क लीटर शराब जप्त कर देवकरण पिता सीताराम भूरिया निवासी खिड़कियां जिला धार व गणेश पिता संतोष रेसवाल निवासी पीपलगोन तहसील कसरावद जिला खरगोन के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही नवीन विधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो आदि बनाकर की गई ।जप्त मदिरा एवं वाहन की कुल अनुमानित क़ीमत लगभग रुपये 18,00,000/- है ।

उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिनेश उदेनिया, आबकारी उप निरीक्षक राज कुमार शुक्ला, मुनेंद्र जादोन, मुख्य आरक्षक कैलाश बघेल, आरक्षक राजेन्द्र पवार, शकुन्तला खराड़ी, परमानंद चौधरी की टीम द्वारा की गई।

# सिंगापुर टाउनशिप में भव्य शोभायात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**इंदौर।**

सिंगापुर टाउनशिप क्षेत्र में रविवार को भक्तिभाव और उत्साह के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों तथा जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ चिंटू सिलावट, पप्पू शर्मा, संदीप शर्मा, विक्की रघुवंशी, नगर महामंत्री सुधीर कोल्हे, श्रीकृष्ण मालवीय, मनीष चोरट, पार्षद राकेश सोलंकी एवं करणी सेना जिला अध्यक्ष ऋषिराज सिसोदिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजसेवी भी शामिल हुए। सभी ने शोभायात्रा में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।





शोभायात्रा सिंगापुर टाउनशिप पुलिस चौकी के सामने से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। इस दौरान सुसज्जित झांकियां, सिर पर कलश धारण किए महिलाएं और भजन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आयोजन में सुरक्षा और व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया।

आयोजकों के अनुसार संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 22 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाएगा। कथा व्यास के रूप में पूज्य संत सीताराम दास महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। कार्यक्रम के समापन पर 28 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में प्रॉपर्टी एसोसिएशन समिति के संजय जाधव, गुड्डू जैसवाल, आशीष बिरथरे, विशाल श्रीवास्तव, सुनील वाघमोड़े, हरिओम मीणा, अक्षय शर्मा, नितिन गवली सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक वातावरण निर्मित करते हुए समाज में एकता, श्रद्धा और भक्ति का संदेश प्रसारित किया।

**रणजीत टाइम्स विशेष ऐतिहासिक लेख**

# पेशवा बाजीराव प्रथम – मराठा साम्राज्य के स्वर्णिम युग के निर्माता

भारतीय इतिहास में मराठा साम्राज्य के उत्कर्ष और विस्तार की चर्चा बिना पेशवा बाजीराव प्रथम के अधूरी मानी जाती है। वे केवल एक सेनानायक ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी रणनीतिकार, कुशल प्रशासक और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नेता थे, जिन्होंने मराठा साम्राज्य को नई शक्ति और पहचान प्रदान की।

**जन्म और प्रारंभिक जीवन**- पेशवा बाजीराव प्रथम का जन्म 18 अगस्त 1700 को हुआ। उनके पिता बालाजी विश्वनाथ मराठा साम्राज्य के प्रतिष्ठित पेशवा थे, जिनसे बाजीराव को प्रशासन और युद्धनीति की प्रेरणा मिली। बचपन से ही बाजीराव साहसी, परिश्रमी और तेजस्वी थे। उन्होंने घुड़सवारी, तलवारबाजी और सैन्य रणनीति में विशेष दक्षता प्राप्त की।

मात्र 20 वर्ष की आयु में छत्रपति शाहू महाराज ने उनकी असाधारण क्षमता को पहचानते हुए उन्हें पेशवा नियुक्त किया। यह निर्णय मराठा साम्राज्य के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ और इसके बाद मराठा शक्ति का तेजी से विस्तार प्रारंभ हुआ।

**युद्ध कौशल और विजय**-पेशवा बाजीराव प्रथम की सबसे बड़ी विशेषता उनकी आक्रामक युद्धनीति और तेज गति वाली घुड़सवार सेना थी। उन्होंने अपने सैन्य जीवन में लगभग 40 युद्ध लड़े और



किसी भी युद्ध में पराजित नहीं हुए। उनकी रणनीति शत्रु को भ्रमित कर तेज गति से आक्रमण करने पर आधारित थी, जिसे गुरिल्ला युद्ध शैली का उन्नत रूप माना जाता है।

1728 का पालखेड़ युद्ध उनकी सर्वाधिक प्रसिद्ध विजय माना जाता है, जिसमें उन्होंने निजाम की सेना को अपनी कुशल रणनीति से परास्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मुगल साम्राज्य के विरुद्ध कई सफल अभियानों का नेतृत्व किया और मराठा प्रभाव को उत्तर भारत तक विस्तारित किया।

**मराठा साम्राज्य का विस्तार**- बाजीराव का उद्देश्य केवल युद्ध जीतना नहीं था, बल्कि स्वराज्य की स्थापना और मराठा साम्राज्य का विस्तार करना था। उनकी नीति दिल्ली तक भगवा फहराना मराठा साम्राज्य की महत्वाकांक्षा और शक्ति का प्रतीक बनी। उनके नेतृत्व में मराठा साम्राज्य ने मध्य भारत, बुंदेलखंड, मालविस्तार का प्रतीक बनी और उनके नेतृत्व में मराठा साम्राज्य उत्तर भारत तक फैल गया।

व्यक्तिगत जीवन में बाजीराव की पत्नी काशीबाई थीं, जबकि मस्तानी के साथ उनकी प्रेम कथा इतिहास में विशेष स्थान रखती है। यह प्रेम कथा मराठा इतिहास की चर्चित घटनाओं में से एक मानी जाती है।

28 अप्रैल 1740 को नर्मदा नदी के तट रावेरखेड़ी में बाजीराव प्रथम का निधन हुआ, किंतु उनके द्वारा स्थापित सैन्य परंपराएँ और नेतृत्व क्षमता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन गईं। पेशवा बाजीराव प्रथम को भारतीय इतिहास के महानतम सेनानायकों में गिना जाता है, जिनकी वीरता, दूरदर्शिता और राष्ट्रभक्ति सदैव स्मरणीय रहेगी।

**आपका गोपाल गावंडे**
**मुख्य संपादक — रणजीत टाइम्स**

**विशेष मुलाकात**

# रणजीत टाइम्स डेस्क हेड रेणु कैथवास एवं सीएमओ डॉ. डीके शर्मा



हाल ही में रणजीत टाइम्स की डेस्क हेड रेणु कैथवास की मुलाकात डॉ डीके शर्मा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. डीके शर्मा जी से हुई। इस अवसर पर रणजीत टाइम्स की ओर से उन्हें प्रेमपूर्वक लाइफटाइम कैलेंडर भेंट किया गया।

मुलाकात के दौरान डॉ. शर्मा ने अस्पताल की कार्यप्रणाली, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं मरीजों को दी जा रही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं रेणु कैथवास ने अस्पताल की विशेषताओं, अनुशासन और समर्पित स्टाफ की सराहना की। रेणु कैथवास ने साझा किया कि कुछ समय पूर्व उनके भाई को इसी अस्पताल में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था। स्थिति अत्यंत नाजुक थी और बचने की उम्मीद बहुत कम थी। एक बार नहीं, बल्कि तीन बार ऐसी स्थिति बनी जब जीवन की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों और समर्पित स्टाफ ने पूरी निष्ठा और प्रयास के साथ उपचार किया। कॉपर ट्रीटमेंट सहित बेहतर चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से उनके भाई का जीवन बचाया गया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यहां का स्टाफ अत्यंत सहयोगी, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ है। अस्पताल में सभी नियम और व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से पालन की जाती हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को विश्वास और संतोष मिलता है।

## 'हार्टफुलनेस मेडिटेशन योग एवं ध्यान सत्र' का विशेष आयोजन

**इन्दौर.** इन्दौर, पुलिस अधीक्षक, पीटीसी राजेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया की पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, में 22 फरवरी को पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में 'हार्टफुलनेस मेडिटेशन' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को मानसिक संतुलन, आंतरिक शांति एवं तनाव प्रबंधन के प्रभावी उपायों से अवगत कराना था। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौहान, उप पुलिस अधीक्षक राममूर्ति शाक्य, मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक अलका सिंगार, पीटीसी के अधिकारीगण/कर्मचारीगण तथा 78वें सत्र के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक स्व.बिलवाल की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई कबड्डी प्रतियोगिता, बालिकाओं ने भी दिखाए जोहर

**झाबुआ . सलीम हुसैन**

झाबुआ। अपराजित योद्धा व पूर्व विधायक शांतिलाल बिलवाल की दूसरी पुण्यतिथि पर राजगढ़ नाका गरबा मैदान पर तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस स्पर्धा में 50 टीमों ने शिरकत की। बालिका वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया। रविवार की रात सेमिफाइनल व फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। बालक वर्ग में चेनपुरा थांदला विजेता रही। वहीं बालिका वर्ग में झाबुआ ने बाजी मारी। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया। रविवार को स्पर्धा के अंतिम दिन सेमिफाइनल व फाइल दोनों ही वर्गों के आयोजित किए गए। अंतिम दिन मैच स्थल पर खचाखच भीड़ बनी हुई




थी। बालक वर्ग में पहला सेमिफाइनल आजाद क्लब व धार के बीच आयोजित किया गया। इस मैच में धार 15 पाइंट से विजेता रही। दूसरा सेमिफाइनल खजूरी व चेनपुरा थांदला के बीच हुआ, इस मैच में चेनपुरा थांदला 12 पाइंट से विजेता रही। बालिका वर्ग में पहला सेमिफाइनल धार व झाबुआ के बीच आयोजित हुआ। यह मैच टाई हो जाने से 5-5 ग्रेड दी गई। अंत में झाबुआ टीम ने यह मैच 6 पांइट से जीत लिया। समिति के उदय बिलवाल ने बताया कि पुरूष वर्ग में प्रथम पुरूस्कार चेनपुरा थांदला को 25 हजार रुपये देवराज बिलवाल मित्र मंडल की ओर से दिया गया। द्वितीय पुरूस्कार धार को 11 हजार 111 रुपये बिट्टू यादव की ओर से दिया गया। तृतीय पुरूस्कार 3 हजार 100 रुपये सुरभान गुंडिया की ओर से प्रदान किया गया। चतुर्थ पुरूस्कार 2 हजार 100 रुपये राकेश डामोर ने भेंट किए। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम पुरूस्कार झाबुआ टीम को 5 हजार 555 रुपये मांगीलाल भूरिया की ओर से दिया गया। द्वितीय पुरूस्कार धार टीम को 2 हजार 222 रुपये मड़िया, रमेश व माना भाई की ओर से दिया गया।

इसी तरह आयोजन में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। बालक वर्ग में बेस्ट रेडर सौरभ खराड़ी, बेस्ट कैचर दिनेश निनाम, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार धार के लखन को दिया गया। वहीं महिला वर्ग में बेस्ट रेडर धार की काजल, बेस्ट कैचर अन्नू झाबुआ व प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का पुरस्कार झाबुआ की संगीता को प्रदान किया गया।

**जनप्रतिनिधियों का लगा रहा तांता**

स्पर्धा के अंतिम दिन के अतिथि भाजपा जनजाति मोर्चे के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बघेल, सांसद अनीता चौहान, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, शिवगंगा के राजाराम कटारा, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोहर सेठिया, जिला पंचायत सदस्य बहादूर हटीला, विजय भाबोर, रामपाल, शैलेंद्र सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर जनजाति मोर्चे के प्रदेश मंत्री सोमसिंह सोलंकी, मोर्चे के प्रदेश प्रशिक्षक कल्याणसिंह डामोर, बिट्टू सिंगार, हरू भूरिया, मांगीलाल भूरिया, महेंद्र ठाकुर, लाखनसिंह सोलंकी, महेंद्र तिवारी, अंकूर पाठक, लाला गाहरी, प्रतीक शाह आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# श्री आदिशंकराचार्य वर्णित आत्मैक्य बोध का ज्ञान ही सहजयोग

प. पूज्य श्रीमाताजी प्रणित सहजयोग आत्मबोध या आत्मतत्व की बात करता है। जब हम आत्म तत्व की बात करते हैं तो हमें लगेगा कि ये बड़ा जटिल विषय है। आत्मा-परमात्मा, ये बातें हमें रोजमर्रा के जीवन में उपयोग में आनेवाली नहीं लगती। परंतु जीवन में हम सभी कुछ न कुछ खोज रहे हैं, और हमारी ये खोज तभी पूर्ण होगी जब हम हमारे आत्मतत्व को जान जाएंगे। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तब उसे यह अनुभूति उसके हृदय में और उसके सूक्ष्म शरीर पर होती है। परंतु आज के विज्ञान के



युग में हम भ्रमित हैं तथा माया और भ्रम का प्रभाव इतना अधिक है कि कई बार मानव सत्य को समझ नहीं पाता। बाहर का आडंबर, कर्मकांड, छद्म, कट्टरता, अंधविश्वास को ही धर्म या योग समझ लेता है। इसलिये श्री आदिशंकराचार्य ने अपने शिष्यों को ग्रंथ विवेकचूडामणि में वैज्ञानिक दृष्टीकोण से सत्य अनुभव करने को कहा। उपरोक्त वर्णित श्लोक में वे कहते हैं, भले ही कोई शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त करे, सभी देवताओं का पूजन करे, सभी प्रकारके कर्मकांड करे, देवताओं का भजन करे परंतु जब तक जीव ध्यान के माध्यम से आत्मा में पूर्ण रूप से स्थापित नहीं होता तब तक मुक्ति नहीं मिल सकती। भले ही करोड़ों वर्ष क्यों न बीत जायें, मोक्ष के लिये आत्मा में स्थापित होना जरूरी है। प.पू. श्रीमाताजी कहते हैं कि, आत्मसाक्षात्कार पाये बिना आत्मा में स्थित नहीं हो सकते। और जब आपको आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो आप चित्त को अंतर्मुखी बनाकर अपने हृदय में या सहस्त्रार चक्र यानि कि ब्रह्मरंध्र पर स्थिर करने की कला सीख सकते हैं। और आप भूत व भविष्य के विचारों से मुक्त होकर वर्तमान में स्थित हो जाते हैं। निर्विचार ध्यान का अनुभव आपको अंदर से शक्तिवान और आनंदमयी बना देता है। समस्त तनाव, परेशानियां, रोग, शोक आदि से आप मुक्त हो जाते हैं। इस अद्भुत व अकल्पनीय अनुभव को प्राप्त करने हेतु सहजयोग ध्यान को एक अवसर अवश्य प्रदान करें।

नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

## भगोरिया पर्व के पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही- 18 लीटर एक्सपायरी कोल्डड्रिंक नष्ट



**झाबुआ. सलीम हुसैन**

कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार आगामी भगोरिया हाट-बाजार एवं होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत दूध एवं दुग्ध उत्पाद, मिठाइयों तथा विशेष रूप से कोल्डड्रिंक की गुणवत्ता की सघन जांच की जा रही है। 22 फरवरी को खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह अलावा द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों कंजावानी, रुपखेड़ा एवं समोई में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भोंगारिया में प्रचलित रूप से विक्रय किए जाने वाले पान मसाला, नमकीन, कोल्डड्रिंक आदि खाद्य पदार्थों के कुल 14 नमूने जांच हेतु लिए गए। रुपखेड़ा में जांच के दौरान 18 लीटर एक्सपायरी कोल्डड्रिंक पाए जाने पर उसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त तारखेड़ी एवं उमरकोट में हाट-बाजार के पूर्व रेस्टोरेंट एवं किराना दुकानों का निरीक्षण कर 5 नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आम उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे खाद्य सामग्री क्रय करते समय पैकेट पर अंकित निर्माण एवं समाप्ति तिथि अवश्य देखें तथा गुणवत्ता सुनिश्चित कर ही सामग्री खरीदें। विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## दीनदयाल पुरम चौराहे पर नशे में युवक का उत्पात, एक युवक को काटकर किया घायल

**धरमपुरी/खंडवा**

अमलपुरा धरमपुरी निवासी सचिन मालवीया (पिता राजू मालवीया), जो खंडवा में बलून डेकोरेशन एवं शादी-पार्टियों में इवेंट मैनेजमेंट का कार्य करता है, द्वारा दिनांक 16-02-2026 को शाम लगभग 6 बजे दीनदयाल पुरम चौराहा स्थित अवंतिका टी स्टाल, होटल सिग्नेचर के



बाजू में कथित रूप से शराब एवं नशे की हालत में उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक बिना किसी वाद-विवाद के राह चलते लोगों को अभद्र गालियां दे रहा था। इसी दौरान उसने एक युवक पर आक्रामक हमला करते हुए उसके हाथ में दांत से काट लिया। घाव इतने गहरे बताए जा रहे हैं कि मेडिकल लीगल केस (एमएलसी) रिपोर्ट में रेबीज के इंजेक्शन लगाए जाने का उल्लेख किया गया है। घटना के समय मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप करते हुए आरोपी युवक को वहां से हटाया, अन्यथा पीड़ित को और गंभीर चोट पहुंच सकती थी। बताया गया है कि घटना के दिन 16-02-2026 को मामला अज्ञात नाम से मेडिको-लीगल केस के रूप में दर्ज हुआ था। वहीं 22-02-2026 को पीड़ित पक्ष द्वारा नामजद शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे नशे की लत से ग्रस्त युवकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा आवश्यक होने पर उन्हें नशामुक्ति केंद्र भेजा जाए, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# इंदौर में श्रीमंत योगी विचार मंच का शक्ति प्रदर्शन

### नीलम सतीश पंवार के नेतृत्व में गूंजा जय शिवाजी, मनाया गया भव्य जन्मोत्सव










**सह संपादक दीपक वाड़ेकर**

**इंदौर.** छत्रपति शिवाजी महाराज के जयकारों की गूंज, केसरिया साफे और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज विचार मंच द्वारा नेहरू स्टेडियम स्थित शिवाजी प्रतिमा परिसर में शिवाजी जयंती महोत्सव 2026 का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। यह उत्सव राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सतीश पंवार के ओजस्वी नेतृत्व और कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जो भव्यता की दृष्टि से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा जन्मोत्सव बन गया।

भावपूर्ण पालना रस्म और जन्मोत्सव की गूंज
महोत्सव का सबसे भावुक और मुख्य आकर्षण शिव-जन्मोत्सव रहा। कार्यक्रम में पारंपरिक मर्यादाओं का पालन करते हुए बाल शिवाजी को पालने में झुलाया गया। ढोल-ताशों की गर्जना और पुत्र जिजाऊ का जन्मा है के मंगल गीतों के बीच जब मातृशक्ति ने पालना झुलाया, तो पूरा परिसर भक्ति और शौर्य के अनूठे संगम का साक्षी बना।

श्रीमती नीलम सतीश पंवार ने समाज के वरिष्ठ गणमान्यों के साथ मिलकर महाराज की विशाल अश्वारूढ़ प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलन कर इस गरिमामय उत्सव का शुभारंभ किया। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म केवल एक वीर का जन्म नहीं, बल्कि %हिंदवी स्वराज्य के संकल्प का उदय था। आज पालना झुलाकर हमने उसी संकल्प को अपने हृदय में पुनर्जीवित किया है। हमारा मंच युवाओं को महाराज के सुशासन और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।> —श्रीमती नीलम सतीश पंवार (राष्ट्रीय अध्यक्ष)

**मातृशक्ति का गौरव**- आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक नौवारी साड़ी और केसरिया फेटा पहनकर सम्मिलित हुईं, जो भारतीय संस्कृति की जीवंत झांकी पेश कर रही थीं।

**लघु नाटिकाएँ**- बच्चों ने शिवाजी महाराज के जीवन प्रसंगों पर आधारित लघु नाटिकाओं के माध्यम से उनके अदम्य साहस को जीवंत कर दिया।

**कार्यकर्ता सम्मान**-संगठन और समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं का श्रीमती पंवार द्वारा उत्साहवर्धन और सम्मान किया गया।

ऐतिहासिक आभा और सामूहिक संकल्प
रात के समय जब पूरा नेहरू स्टेडियम परिसर रंग-बिरंगी रोशनी से नहा उठा और जय भवानी, जय शिवाजी के गगनभेदी जयकारों से गूँज उठा, तो दृश्य देखते ही बनता था। श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज विचार मंच, इंदौर की पूरी टीम के परिश्रम ने इस आयोजन को एक सांस्कृतिक मील का पत्थर बना दिया।

?इंदौर में मना यह जन्मोत्सव मराठा गौरव, संगठन की शक्ति और सांस्कृतिक एकता की एक अनूठी मिसाल के रूप में दर्ज हो गया है।

# समन्वित खेती ही किसान की आजीविका का मुख्य आधार

## कृषि मेले में तिलहन फसलों के उत्पादन, विपणन एवं प्रसंस्करण से लेकर प्राकृतिक एवं जैविक पर विशेषज्ञों और किसानों के मध्य गहन संवाद

**झाबुआ. सलीम हुसैन**




झाबुआ जिला खेती किसानी में खाद्यान्न फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों के उत्पादन और विविधता के लिए सम्पूर्ण अंचल में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। जिले में लंबे रेशे वाला कपास, मक्का, सोयाबीन, उड़द, मूंगफली के साथ-साथ टमाटर, मिर्च एवं अमरूद जैसी उद्यानिकी फसलों का भी व्यापक उत्पादन होता है। कृषि को लाभ का उद्यम बनाने तथा किसानों को उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला सह सेमीनार के द्वितीय दिवस विविध गतिविधियों एवं तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।

मेले के दूसरे दिवस जिला पंचायत सदस्य सोनू चौहान बहादुर हटीला एवं भारतीय किसान संघ के जिला प्रमुख बच्चु सिंह मेडा की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिथियों ने किसानों को शासन की कृषक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। सोनू चौहान ने किसानों की आय वृद्धि हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, वहीं बहादुर हटीला ने भूमि स्वास्थ्य संवर्धन एवं नियमित मिट्टी परीक्षण के महत्व पर बल दिया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के क्रम में डिजिटल कृषि पहल अंतर्गत उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली की जानकारी जिले के उप संचालक कृषि नगीन सिंह रावत द्वारा दी गई। उन्होंने ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक प्राप्ति की सरल प्रक्रिया समझाई। सहायक संचालक उद्यानिकी बी.एस. चौहान ने उच्च मूल्य की उद्यानिकी फसलों को अपनाने एवं खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया। सहायक संचालक सुरसिंह रावत ने भी किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।तकनीकी सत्रों में जिले के प्रगतिशील कृषक विमल भाबोर,वेस्ता भाई, कृषि सखी जमुना धन्नालाल कटारा सुगुना परमार, दलसिंह परमार (सजेली नरसिंहपुरा), कमलेश सोलंकी (कंजावानी) एवं राफेल आंतोंन भूरिया ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने आधुनिक एवं उन्नत खेती पद्धतियों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

इफको के जिला प्रतिनिधि संदीप राजपूत एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के युवराज पाटीदार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. दिवाकर, उद्यानिकी विभाग के तकनीकी सहायक बल्लू सिंह चौहान, कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर के विशेषज्ञ मुकेश बेनल एवं कृषि विज्ञान केंद्र झाबुआ के डॉ. विनय सिंह ने वैज्ञानिक खेती एवं तकनीकी नवाचारों पर विस्तार से जानकारी दी। मेले में विभिन्न विभागों, स्वैच्छिक संगठनों, कृषि सखियों एवं एफपीओ द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग तथा आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक कृषि एन.एस. रावत एवं सहायक संचालक उद्यानिकी बी.एस. चौहान ने जैविक बाजार लगाने वाले किसानों एवं प्रदर्शनी में सहभागिता करने वाले विभागों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

द्वितीय दिवस पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती से उत्पादित अनाज, फल एवं सब्जियों का जैविक हाट विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ई-विकास प्रणाली एवं प्राकृतिक खेती के सेल्फी पॉइंट को भी किसानों एवं अतिथियों द्वारा सराहा गया।

कार्यक्रम का संचालन मोहन डामोर एवं गोपाल मुलेवा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक संचालक कृषि संतोष सिंह मौर्य द्वारा किया गया। आयोजन की सफल संचालन में सहायक संचालक कृषि एच.एस. चौहान, संतोष सिंह मौर्य, एस.एस. रावत, एल.एस. चारेल एवं माल सिंह धारवे सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के समस्त अमले का सक्रिय सहयोग रहा।

# हाथियों का रिहाइशी क्षेत्र पर हमला घर और फसल दोनों हुए बर्बाद

**शहडोल .प्रदीप सिंह बघेल**



शहडोल जिले में हाथियों ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो वर्षों से शहरगढ़ जंगल क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इसी झुंड से भटककर एक हाथी ग्राम पंचायत चरका के अंतर्गत करही गांव पहुंच गया, जहां उसने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने एक ग्रामीण का घर में तोड़ फोड़ कर दी और कई किसानों की खेतों में लगी गेहूं की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है

जानकारी के अनुसार करही निवासी अमरितिया सिंह गोंड पति राममनोहर गोंड का कच्चा मकान हाथी ने तोड़ दिया। वहीं उमेश सिंह गोंड और महावीर सिंह गोंड के खेतों में लगी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। रात के समय हाथी के गांव में प्रवेश करने से लोग भयभीत हो गए और उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पश्चिम मंडल ब्यौहारी की वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और हाथी की निगरानी शुरू की। वन अधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 हाथियों का झुंड शहरगढ़ जंगल के पास मौजूद था, जबकि एक हाथी भटककर करही गांव की ओर आ गया था। फिलहाल हाथी पुनः जंगल की ओर लौट गया है, लेकिन एहतियातन वन विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही हैं।

वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक निगम ने बताया कि हाथी द्वारा हुए नुकसान की जानकारी राजस्व विभाग एवं संबंधित पटवारी को दे दी गई है, ताकि प्रभावित ग्रामीणों को शीघ्र मुआवजा मिल सके। ग्रामीणों ने कलेक्टर से भी क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। हाथियों की लगातार गतिविधियों से गांव में भय का वातावरण बना हुआ है और ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल में खदेड़ने की मांग की है। रविवार सुबह से वन विभाग की कई टीमें हाथियों की निगरानी कर रही हैं। साथ ही लोगों से सावधानी बरतने की अपील भी की है.

# कोयला और रेत के बाद पुलिस अब पत्थर माफिया पर सख्त ट्रक सहित 50 लाख का मशरूका किया जप्त

**शहडोल .प्रदीप सिंह बघेल**



शहडोल जिले में रेत और कोयला के बाद अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक हाइवा ट्रक को जब्त किया गया है, जिसमें अवैध रूप से पत्थर लदा हुआ था। यह कार्रवाई मैकी ठाढ़ी पाथर रोड पर मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक ष्टत्र11क्चश्व/5623 अवैध रूप से पत्थर का परिवहन कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई और मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रुकवाया गया। जांच के दौरान ट्रक चालक की पहचान गोलू यादव (20 वर्ष), निवासी ग्राम ठाढ़ी पाथर, थाना सोहागपुर के रूप में हुई।

पुलिस ने चालक से खनिज उत्खनन और परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज, अनुमति पत्र तथा रॉयल्टी रसीद प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन चालक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। दस्तावेजों के अभाव में पुलिस ने ट्रक सहित उसमें लदे अवैध पत्थर को तत्काल जब्त कर लिया।

शुरुआती आकलन के अनुसार, जब्त किए गए वाहन और उसमें लदे खनिज की कुल कीमत लगभग 50 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है। जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि अवैध पत्थर का स्रोत कहां से था और इस अवैध परिवहन में किन-किन लोगों की संलिप्तता रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है और आम नागरिकों ने कार्रवाई की सराहना की है.

# फर्जी कर्मचारी बन महिला ने बैंक से लिया लोन बैंक की शिकायत पर महिला हुई गिरफ्तार

**शहडोल .प्रदीप सिंह बघेल**

ठगी कर पैसा लूटने के मामले में अभी तक पुरुष जालसाज आमजन को शिकार बनाते रहें है लेकिन शहडोल जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमे एक शातिर महिला ने एक सरकारी बैंक के साथ ही ठगी कर डाली। उसने बिजली विभाग में अपनी फर्जी नियुक्ति एवं जाली पे स्लिप बनाकर स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया शाखा कूदरी शहडोल से 10 लाख, पचास हजार, पांच सौ रुपए का लोंन निकवा लिया। जब बैंक प्रबंधन को महिला की हरकत का पता चला तो सम्बंधित सोहगपुर थाना में महिला के खिलाफ शाखा प्रबंधक द्वारा शिकायत दर्ज कराई गईं। जिसके बाद पुलिस द्वारा शिकायत का सत्यापन कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर रविवार शाम प्रेस नोट जारी कर मामले का खुलासा किया गया है।इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुदरी रोड, बस स्टैंड शहडोल शाखा में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर एक्सप्रेसक्रेडिट लोन प्राप्त



करने के मामले में थाना सोहागपुर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है।क्रांति कुमार साहू, एसबीआई बैंक शाखा कुदरी रोड शहडोल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बैंक मैनेजर के अनुसार आरोपिया बिशाखा दांगी पिता प्राणसिंह दांगी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम मानेगांव पोस्ट जैतपुर कोपरा तहसील देवरी जिला सागर (म.प्र.) द्वारा बिजली विभाग में फर्जी नियुक्ति आदेश एवं फर्जी पेस्लिप सहित अन्य कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर कुल (दस लाख पचास हजार पाँच सौ रुपये) का एक्सप्रेस क्रेडिट लोन प्राप्त किया गया ।लोन राशि प्राप्त करने के बाद आरोपिया फरार हो गई थी तथा ऋण की किश्तें जमा नहीं कर रही थी । शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना को गंभीरता से लिया और थाना प्रभारी सोहागपुर अरुण पाण्डेय द्वारा विशेष टीम गठित की गई। टीम में सउनि संतोष कोल, प्रआर क्र. राजकुमार जायसवाल, प्रआर क्र. मुकेश पटेल एवं महिला आरक्षक मेनका धूमकेत शामिल रहे। टीम को सागर, भोपाल एवं नर्मदापुरम रवाना किया गया।विवेचना के दौरान संबंधित विभागों से आरोपिया की नियुक्ति संबंधी जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें नियुक्तिआदेश फर्जी पाया गया। तकनीकी साक्ष्य के आधार आरोपिया का पता कर नर्मदापुरम स्थित उसके किराये के मकान से गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

# भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने

“लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है।”

दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निर्माताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़।भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में




विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झुठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी।

निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। "मानवता केंद्र में" का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सस्ती, सुलभ और मानव-केंद्रित तकनीक उपलब्ध कराकर भारत एक नैतिक नेतृत्व स्थापित कर सकता है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भविष्य की संरचना का प्रारूप है।

# मोदी - लूला की दोस्ती ने किया कमाल

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में आज वह तस्वीर दिखी जिसने वैश्विक शक्ति संतुलन की दिशा में नया संकेत दे दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की मौजूदगी में भारत और ब्राजील ने क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। साथ ही इस्पात आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ। यह आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, सामरिक स्वावलंबन और आर्थिक शक्ति के नए युग की घोषणा है। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स पर हुआ समझौता मजबूत और लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच भरोसे और रणनीतिक तालमेल का प्रमाण है। उन्होंने अगले दस वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को बीस अरब डॉलर से आगे ले जाने का लक्ष्य दोहराया। ब्राजील पहले ही लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है,अब यह संबंध नई ऊंचाई छूने को तैयार है। राष्ट्रपति लूला ने भी भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता की खुलकर सराहना की। सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति को उन्होंने भविष्य की साझेदारी का आधार बताया। उनके साथ आए मंत्रियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों का बड़ा दल यह संकेत देता है कि यह मित्रता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक और औद्योगिक धरातल पर भी मजबूत हो रही है। हम आपको बता दें कि ब्राजील लौह अयस्क, मैंगनीज, निकल और नियोबियम जैसे खनिजों



का विश्व के प्रमुख उत्पादकों में है। भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता 218 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है और आधारभूत ढांचे के विस्तार के साथ इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में ब्राजील के साथ खनन, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और उन्नत तकनीक पर सहयोग भारत को कच्चे माल की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। वहीं, क्रिटिकल मिनरल्स समझौता केवल उद्योग की जरूरत नहीं, बल्कि सामरिक आवश्यकता है। विश्व में रेयर अर्थ उत्पादन पर चीन का लगभग एकाधिकार रहा है। भारत लंबे समय से निर्भरता कम करने की रणनीति पर काम कर रहा है। ब्राजील के साथ यह साझेदारी उस रणनीति को ठोस आधार देती है। इससे भारत की रक्षा, ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों, अंतरिक्ष और उच्च तकनीक उद्योगों को स्थायी आपूर्ति मिलेगी। देखा जाये तो भारत और ब्राजील की यह साझेदारी केवल द्विपक्षीय नहीं है। यह ग्लोबल साउथ की सामूहिक आवाज को मजबूती देती है। जब दो बड़े लोकतंत्र खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य और तकनीक में हाथ मिलाते हैं तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समीकरण बदलता है। पश्चिमी शक्तियों और चीन के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा के दौर में यह समझौता तीसरे ध्रुव की संभावना को मजबूत करता है। ऊर्जा क्षेत्र में जैव ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा और सतत उड्डयन ईंधन पर सहयोग हरित भविष्य की दिशा में कदम है। आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना और जलवायु अनुकूल कृषि में साझा पहल विकासशील देशों के लिए उदाहरण बन सकती है। स्वास्थ्य और औषधि क्षेत्र में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति ब्राजील के लिए लाभकारी होगी, वहीं भारतीय औषधि उद्योग को विशाल बाजार मिलेगा। वहीं रक्षा क्षेत्र में बढ़ता तालमेल हिंद महासागर और दक्षिण अटलांटिक क्षेत्र में सामरिक संतुलन को प्रभावित करेगा। समुद्री सुरक्षा, संसाधन संरक्षण और तकनीकी साझेदारी से दोनों देश अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर सकते हैं।

देखा जाये तो भारत की विदेश नीति पिछले कुछ वर्षों में आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सिद्ध किया है कि मित्रता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक निवेश होती है। ब्राजील के साथ बढ़ती निकटता इसी सोच का परिणाम है। मोदी की नीति बहु ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में संतुलित और स्वायत्त भूमिका की है। एक ओर पश्चिमी देशों से गहरे संबंध, दूसरी ओर रूस से सामरिक तालमेल और साथ ही वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ सघन सहयोग। ब्राजील के साथ क्रिटिकल मिनरल्स और इस्पात समझौता इसी व्यापक दृष्टि का हिस्सा है। यह संदेश स्पष्ट है कि भारत अपने औद्योगिक और सामरिक भविष्य को किसी एक स्रोत पर निर्भर नहीं छोड़ेगा। इस साझेदारी से भारत को कच्चे माल की सुरक्षा, नई तकनीक, निवेश और बाजार मिलेगा। ब्राजील को भारत की तकनीकी दक्षता, औषधि आपूर्ति, डिजिटल ढांचा और विशाल उपभोक्ता बाजार का लाभ मिलेगा। दोनों देश मिलकर वैश्विक मंचों पर संस्थागत सुधार, आतंकवाद के विरोध और विकासशील देशों की आवाज को मजबूती देंगे। यह समझौता एक रणनीतिक घोषणा है कि भारत अपने पक्के दोस्तों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। आने वाले वर्षों में यदि यह सहयोग योजनाओं से निकलकर जमीन पर उतरता है तो यह एशिया और लैटिन अमेरिका के बीच नए शक्ति सेतु का निर्माण करेगा। यही वह दिशा है जिसमें भारत आत्मनिर्भर, प्रभावशाली और निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर सकता है।

■ नीरज कुमार दुबे

# सरकार विरोध से देश विरोध तक पहुंच गयी कांग्रेस

कहा जाता है कि संकट के समय मन को शांत रखना चाहिए और संकट के गुजरने का इंतजार करना चाहिए। जल्दबाजी और घबराहट में गलत फैसले हो जाते हैं। कांग्रेस का संकटकाल चल रहा है। कांग्रेस को केंद्र की सत्ता से बाहर हुए 12 साल बीत चुके हैं और अभी न जाने कितने साल उसे और इंतजार करना होगा। कांग्रेस इतने समय तक कभी भी सत्ता से बाहर नहीं रही है, इसलिए उसे पता नहीं है कि विपक्ष में कैसे रहा जाता है। कांग्रेस मुख्य रूप से सत्ताधारी पार्टी रही है, विपक्ष की भूमिका में उसे दिक्कत हो रही है। वो सत्ता के इंतजार में अधीर होती जा रही है,क्योंकि उससे सत्ता आती दिखाई नहीं दे रही है। इस इंतजार को खत्म करने के दो तरीके हैं, एक है कि चुपचाप अपने समय का इंतजार किया जाये और दूसरा है कि इसके लिए प्रयास किए जाएं। कांग्रेस दोनों ही काम नहीं कर पा रही है, वो सत्ता पाने की छटपटाहट में गलत रास्ते पर चल पड़ी है। कांग्रेस विपक्ष में है और विपक्ष का काम होता है कि वो सरकार की गलत नीतियों और फैसलों का विरोध करे। देखा जाए तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में ये विपक्ष का न केवल अधिकार है, बल्कि उसका दायित्व भी है। विपक्ष का काम सरकार की गलतियों पर उसे रोकना और टोकना होता है, लेकिन कई बार विपक्ष सरकार का विरोध करना ही अपना काम समझ लेता है। आज कांग्रेस और विपक्ष के ज्यादातर नेता सरकार के हर फैसले और नीति का विरोध करते हैं, वो सही है या गलत, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। देखा जाए तो विपक्ष की ये रणनीति भी सही नहीं है क्योंकि सरकार का विरोध उसके फैसले और नीतियों के गुण-दोष के आधार पर होना चाहिए। पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि कांग्रेस मोदी सरकार के विरोध में देश विरोध की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस के लिए सरकार और देश में अंतर करना मुश्किल हो रहा है। सरकार के अलावा कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं पर भी हमले शुरू कर दिए हैं जबकि इन संस्थाओं को उसने ही खड़ा किया है। संविधान की रक्षा का दावा करने वाली कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ ऐसे बयान देती है, जैसे ये सरकार द्वारा नियंत्रित हों। कांग्रेस ये भूल गयी है कि सरकार आती-जाती रहती है,लेकिन देश और देश की व्यवस्था ऐसे ही रहती है। दिल्ली में एआई सम्मेलन चल रहा है और इसमें दुनिया के 100 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं। 20 से ज्यादा देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस कार्यक्रम के लिए आये हुए हैं और इसके अलावा दर्जनों विदेशी नेता भी शामिल हुए हैं। बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के 40 से ज्यादा सीईओ इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। लगभग 3 लाख लोगों ने इस कार्यक्रम को देखने के लिए पंजीकरण करवाया है। पूरी दुनिया की नजर इस कार्यक्रम पर लगी हुई है। फ्रांस में आयोजित पिछले एआई सम्मेलन में सिर्फ 1500 लोगों ने हिस्सा लिया था, जबकि भारत के इस कार्यक्रम में 3 लाख लोग शामिल हो रहे हैं, इससे पूरी दुनिया हतप्रभ है कि भारत ने ये कैसे कर लिया । भारतीय युवाओं की प्रतिभा का लोहा दुनिया मान रही है । भारत के आर्थिक विकास में ये सम्मेलन बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जो सम्मेलन पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहा था, कांग्रेस ने उस सम्मेलन को बदनाम करने का घिनौना काम किया है।

■ राजेश कुमार पासी

पीएम मोदी का इजराइल दौरा बहुत अहम होगा: नेतन्याहू

# AI और क्वांटम टेक्नोलॉजी पर रहेगा फोकस

एजेंसी | तेल अवीव

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर बुधवार को इजरायल पहुंचेंगे। उनके इजराइली समकक्ष प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस यात्रा को महत्वपूर्ण बताया है। उनके अनुसार, इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनयिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ेगा। विशेष रूप से हाई-टेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), और क्वांटम टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों पर फोकस रहेगा। नेतन्याहू के अनुसार, ये भारत-इजरायल



संबंधों को नई दिशा देगा। नेतन्याहू ने साप्ताहिक कैबिनेट मीटिंग में ये बातें कहीं। नेतन्याहू ने कहा कि सहयोग के एक और खास क्षेत्र पर भी मेरा पूरा ध्यान है। हम हाई-टेक, एआई और क्वांटम में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। तय कार्यक्रमानुसार दोपहर को वो नेसेट (इजराइली संसद) को संबोधित करेंगे, और दोनों नेता याद वाशेम (विश्व होलोकॉस्ट स्मरण केंद्र) जाएंगे और यरुशलम में एक इनोवेशन इवेंट में शामिल होंगे।

### कट्टरपंथ के खिलाफ धुरी बनाने की तैयारी

नेतन्याहू ने भारत के साथ मिलकर चरमपंथ के खिलाफ सशक्त समूह बनाने की बात की। उन्होंने कहा इजरायल मिडिल ईस्ट के आसपास या अंदर एक पूरा सिस्टम बनाएगा। असल में इसमें भारत, ग्रीस, साइप्रस और कुछ अरब, अफ्रीकी और एशियाई देश शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, यहां मकसद ऐसे देशों की एक धुरी बनाना है जो कट्टरपंथियों की धुरी के उलट, असलियत, चुनौतियों और लक्ष्यों को एक ही तरह से देखें। इन सभी देशों का नजरिया अलग है, और हमारे बीच सहयोग से बहुत अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। यह हमारी ताकत और हमारे भविष्य को भी पक्का कर सकता है। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी को इजरायल के अपने दो दिवसीय दौरे की शुरुआत करेंगे। 9 साल बाद वो इजरायल जा रहे हैं। पहली बार वो 2017 में गए थे तब ये किसी भी भारतीय पीएम की पहली इजराइल यात्रा थी।

### योगी ने किया स्वागत



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ पहुंचने पर उनका स्वागत करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।*

पीएम मोदी ने 'मन की बात' में लोगों को साइबर धोखाधड़ी से किया सावचेत

# OTP, आधार, बैंक विवरण साझा न करें: पीएम मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खातों के विवरण साझा न करने के सुझाव दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हाल में दिल्ली में आयोजित 'एआई समिट' के दौरान देश ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवोन्मेषी और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आए।

मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह समिट निर्णायक मोड़ साबित हुआ है। इस शिखर सम्मेलन में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। यह अपने आप में अब तक का सबसे बड़ा एआई समिट रहा है। पीएम मोदी ने लोगों से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और 'डिजिटल अरेस्ट' के प्रति सतर्क रहने का भी आग्रह किया और सभी से अपील की कि वे बैंकों द्वारा केवाईसी के अनुरोधों का पालन करें, क्योंकि यह किसी व्यक्ति के बैंक खाते की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खाते संबंधी जानकारी किसी को भी न दें। उन्होंने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' और वित्तीय धोखाधड़ी के माध्यम से कई लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और अक्सर वरिष्ठ नागरिकों से उनकी जीवन भर की कमाई ठग ली जाती है। प्रधानमंत्री ने सलाह दी कि केवाईसी या पुनः केवाईसी प्रक्रियाएं केवल बैंक शाखाओं, आधिकारिक एप या अधिकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही की जानी चाहिए।



### अंगदान करने वालों की सराहना की

पीएम मोदी ने केरल की 10 महीने की बच्ची आलिन शेरिन अब्राहम की मृत्यु के बाद उसके माता-पिता द्वारा उसके अंग दान करने का फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि अंगदान को लेकर जागरूकता लगातार बढ़ रही है। इससे उन लोगों की मदद हो रही है, जिन्हें इसकी जरूरत है।

### मोदी ने छात्रों को दिया संदेश

छात्रों को 'एग्जाम वॉरियर्स' बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी योग्यता अंकों से निर्धारित नहीं होती है। उन्होंने कहा, याद रखिए, आपकी अहमियत आपके अंक पत्र से तय नहीं होती। इसलिए खुद पर भरोसा रखिए। जो पढ़ा है, उसे पूरे मन से लिखिए। और जो नहीं आया, उस एक सवाल को अपने मन पर हावी मत होने दीजिए।

### राष्ट्रपति भवन में आज मनेगा राजाजी उत्सव, प्रतिमा का होगा अनावरण

पीएम मोदी ने घोषणा की कि राष्ट्रपति भवन में स्थापित ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज देश गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़कर भारत की संस्कृति से जुड़ी चीजों को महत्व देने लगा है। राष्ट्रपति भवन में 23 फरवरी को 'राजाजी उत्सव' मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन के केन्द्रीय प्रांगण में सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने केरल की सदियों पुरानी मामंगम परंपरा का भी जिक्र किया, जिसे अक्सर केरल कुंभ कहा जाता है और जिसका आयोजन लगभग 250 वर्षों बाद हो रहा है।

पाकिस्तान की सीमा पार अफगानिस्तान में सैन्य कार्रवाई

# पाकिस्तान का दावा, हवाई हमलों में 70 लोग मारे गए

■ काबुल की चेतावनी- हमलों का जवाब दिया जाएगा





*अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के बेहसूद जिले में पाकिस्तानी सेना के हमले की जगह पर क्षतिग्रस्त कार के पास खड़े लोग (बाएं) तथा हमले में क्षतिग्रस्त घर के मलबे को देखते स्थानीय निवासी और सिविल डिफेंस के कर्मचारी।*

एजेंसी | इस्लामाबाद/काबुल

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच अस्थिर सीमा पर आम लोगों के इलाकों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमले में 70 आतंकी मारे गए। अफगानिस्तान ने कहा है कि हमले में मारे जाने वाले लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अफगानिस्तान ने चेतावनी दी है कि पक्तिका और नंगरहार प्रांतों पर पाकिस्तानी हमलों का आवश्यक और सोच-समझकर जवाब दिया जाएगा। समझा जाता है कि ये हमले दो सप्ताह पहले इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती विस्फोट और उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में हुए अन्य आत्मघाती बम विस्फोटों के जवाब में किए गए थे। वहीं, पाकिस्तान का दावा है कि उसने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई की। अफगान मीडिया ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान लड़ाकू विमानों ने बरमाल के एक अज्ञात मदरसे पर भी हवाई हमला किया गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान वायु सेना के रात भर किए गए हवाई हमलों में पक्तिका और नंगरहार के सीमावर्ती प्रांतों में महिलाओं और बच्चों सहित 23 नागरिक मारे गए हैं। मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, पिछली रात, उन्होंने नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में हमारे आम लोगों पर बमबारी की, जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। दूसरी ओर, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने एक्स पर कहा, पाकिस्तान ने सीमावर्ती इलाके में पाकिस्तानी तालिबान और उसके साथियों के सात आतंकी शिविरों को निशाना बनाया। तरार ने कहा कि इस कार्रवाई में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक कथित सहयोगी को भी निशाना बनाया गया। इसने हाल ही में इस्लामाबाद में मस्जिद पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी। मस्जिद पर हुए हमले में 31 लोग मारे गए थे और 160 से ज्यादा घायल हुए थे।

ढाका में भारतीय उच्चायुक्त की विदेश मंत्री से भेंट

# बांग्लादेश के साथ संवाद को आगे बढ़ाने को तैयार भारत: प्रणय वर्मा

एजेंसी | ढाका

ढाका में नियुक्त उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को कहा कि भारत, बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संवाद को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है। उन्होंने नई दिल्ली की ओर से ढाका के साथ फिर से सक्रिय रूप से बातचीत की इच्छा व्यक्त की। वर्मा ने रविवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान से मुलाकात की और विभिन्न मसलों पर विचार विमर्श किया। मुलाकात के बाद वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बैठक में मैंने भारत का रुख दोहराया कि हम



बांग्लादेश में नई सरकार के साथ संवाद के लिए उत्सुक हैं। बैठक में विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद भी शामिल थीं। वर्मा ने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार भेंट और प्रारंभिक विचार-विमर्श बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद विदेश मंत्री और राज्य मंत्री के साथ यह उनकी पहली बैठक थी।

## दो वाहनों की टक्कर में 5 पुलिसकर्मियों की मृत्यु

भुवनेश्वर। ओडिशा के झारसुगुडा जिले में रविवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई तथा चार लोग घायल हो गए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना झारसुगुडा सदर पुलिस थाना क्षेत्र में ओडिशा आदर्श विद्यालय के पास हुई, जब आठ पुलिसकर्मी झारसुगुडा में एक विवाह समारोह से लौट रहे थे और ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था।

जमीनी स्तर पर देंगे कानूनी मदद, शुरू करेंगे तीन कार्यक्रम

# कांग्रेस बढ़ाएगी युवाओं की भागीदारी

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने पार्टी में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार को कई नई पहलों की घोषणा की। इनमें राज्य और जिला स्तर पर त्वरित कानूनी प्रतिक्रिया दलों का गठन तथा मूल सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को बहाल करने के लिए आवाज उठाना शामिल है।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और वरिष्ठ प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी ने ऐसे चार कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा कि युवा प्रतिभाएं, ऐसी पहलों के माध्यम से, जब भी आवश्यकता होगी जमीनी स्तर पर कानूनी सहायता प्रदान करने में मदद करेंगी



और देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए पार्टी की आवाज को मजबूत करेंगी। सिंघवी ने कहा कि एआईसीसी के विधि, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग की नई पहल युवा वकीलों के साथ जुड़ाव को और बढ़ाएगी, ताकि पहले से मौजूद कानूनी नेटवर्क को पुनर्जीवित किया जा सके और सूचना के अधिकार अधिनियम के कमजोर होने के खिलाफ आवाज उठाने वालों को मंच प्रदान किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार द्वारा आरटीआई अधिनियम को धीरे-धीरे कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहली पहल कांग्रेस का 'लीगल फेलोज प्रोग्राम' है, जिसका उद्देश्य युवा वकीलों को कानून बनाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका देकर उन्हें पार्टी की मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने कहा कि विभाग 'न्याय नेता और नागरिक' नामक एक पॉडकास्ट शृंखला शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य न केवल कानूनी क्षेत्र के दिग्गजों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं को बल्कि युवा और उभरते अधिवक्ताओं को भी एक मंच प्रदान करना है।

विजयनगर, एमआईजी, राजवाड़ा क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से की

# ट्रैफिक मैनेजमेंट व सर्विलांस कार्यवाही

**इंदौर. आदित्य शर्मा**

शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह तथा पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में दिनांक 22.02.26 को रात्रि 9 बजे राजवाड़ा क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं सर्विलांस की विशेष कार्यवाही की गई। विजयनगर, एमआईजी सहित राजवाड़ा क्षेत्र, जो शहर का अत्यंत




व्यस्ततम बाजार क्षेत्र है, वहां हाई-रेजोल्यूशन ड्रोन कैमरों के माध्यम से डिजिटल पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्था की निगरानी की गई। ड्रोन से प्राप्त लाइव फुटेज को कंट्रोल रूम में मॉनिटर कर अधिकारियों द्वारा मौके पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ड्रोन सर्विलांस के दौरान निम्न उल्लंघन चिन्हित किए गए- इंदौर पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। शहर में डिजिटल निगरानी प्रणाली सक्रिय है एवं ड्रोन फुटेज के आधार पर नियम उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम यातायात व्यवस्था हेतु सभी प्रदान करें।

# इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के थानों के मूल्यांकन का माह जनवरी का परिणाम जारी

**इंदौर.आदित्य शर्मा**

बेहतर परफॉर्मेंस कर थाना विजयनगर प्रथम व कमजोर कार्यवाही पर थाना कोतवाली रहा सबसे अंतिम स्थान पर। इंदौर शहर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण व बेहतर पुलिसिंग हेतु पुलिस थानों के कार्य निष्पादन को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनोन्मुखी बनाए जाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा थानों के कार्य की एक मानकीकृत मूल्यांकन प्रणाली प्रारंभ की गई है, जिसमें विभिन्न मापदंडों पर प्रत्येक ज़ोन में पुलिस थानों के कार्यों का मूल्यांकन मासिक आधार पर किया जा रहा है।

उक्त मूल्यांकन प्रणाली के तहत जनवरी माह में पुलिस थानों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा संबंधित ज़ोन की डीसीपी की अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा निर्धारित मापदंडों पर की गई, जिसके आधार पर पूरे इंदौर कमिश्नरेट के सभी 32 थानों के कार्य निष्पादन, जनसतुष्टि और आमजन के हित में किये जा रहे नवाचारों आदि पैरामीटर्स के आधार पर, बेहतर परफॉर्मेंस के लिए ज़ोन -02 के थाना विजयनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही निर्धारित मापदंडों पर सबसे कमजोर परफॉर्मेंस पर ज़ोन -03 के थाना सेंट्रल कोतवाली सबसे अंतिम स्थान पर रहा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानों के थाना प्रभारी सहित स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा वहीं कमजोर परफॉर्मेंस वाले थाना कोतवाली के थाना प्रभारी स्टाफ को और बेहतर कार्यवाही के लिए कुछ दिनों की ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी, कार्यप्रणाली में यदि फिर भी सुधार नहीं आया तो सख्त विभागीय कार्यवाही की जावेगी।

# जावेद खान को मिली बड़ी जिम्मेदारी ,भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए जावेद खान



**झाबुआ .सलीम हुसैन**

झाबुआ भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन की अनुशंसा पर भारतीय पत्रकार संघ एआईजे मप्र इकाई का प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू द्वारा भारतीय पत्रकार संघ एआईजे मप्र के झाबुआ का ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर द्वछ्छ यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जैन एवं अनेक शुभ चिंतकों, पत्रकार साथी, स्वजातीय बंधुओं, मातृशक्ति ने शुभ कामनाएं दी हैं। भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) की मध्यप्रदेश के झाबुआ ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मैं जावेद खान अत्यंत कृतज्ञता एवं विनम्रता के साथ अपना भाव प्रकट करता हूँ। इस महत्वपूर्ण दायित्व हेतु मैं हृदय से राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन एवं राष्ट्रीय महासचिव मनोहर मंडलोई व भारतीय पत्रकार संघ एआईजे मप्र इकाई का प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहू का सादर आभार, वंदन एवं अभिनन्दन करता हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास व्यक्त करते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। पत्रकार जावेद खान ने आगे कहा कि मैं यह गर्वपूर्वक साझा करना चाहता हूँ कि एआईजे के स्थापना काल से मुझे इस संगठन से जुड़कर विभिन्न दायित्वों एवं पदों पर कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इन वर्षों में एआईजे ने मुझे पत्रकारिता के मूल्यों, संगठनात्मक अनुशासन, संघर्ष, सहयोग और सेवा समर्पण का वास्तविक अर्थ सिखाया है। एआईजे केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता का सशक्त मंच है।यह संगठन निडर पत्रकारिता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, शोषण व दमन के विरुद्ध संघर्ष, तथा ग्रामीण-आदिवासी अंचलों तक पत्रकारों की आवाज़ पहुँचाने के लिए सतत समर्पित है। आगे उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मेरा संकल्प है कि मैं संगठन की गरिमा को और सशक्त करूँ, सभी साथियों को साथ लेकर चलूँ, और पत्रकार हित, एकता एवं कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूँ।

# यातायात के लिए जागरूकता रैली





**इन्दौर**

पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने बताया की, इंदौर ग्रामीण पुलिस के तत्वाधान में बाइक राइडर्स के विभिन्न ग्रुप के द्वारा ट्रेफिक अवेयरनेस राइड का आयोजन किया गया किशनगंज थाना क्षेत्र के विक्रम माल से लगभग 150 राइडर्स के द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली प्रारंभ की गई जो महू बड़गोंदा होते हुए जाम गेट पर समाप्त हुई डीएसपी हैडक्वाटर उमाकांत चौधरी एवं डीएसपी ट्रेफिक नितिन सिंह एवं योगेन्द्र भाटी रक्षित निरीक्षक के द्वारा संपूर्ण राइट में सहभागिता की गई महू के ड्रीमलैंड चौराहे पर निशुल्क हेलमेट वितरण एवं रैली में भाग ले रहे राइडर्स को प्रमाण पत्र वितरित किया गया रैली के दौरान विभिन्न गांव से गुजरते हुए गांव वालों को भी निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए एवं सभी को हेलमेट लगाकर टू व्हीलर चलाने की समझाइश दी गई रैली में अनेक सोशल इनफ्लुएंसर्स ने भी भाग लिया एवं इंदौर ग्रामीण पुलिस के इस प्रयास को सारा तथा आगे भी इस तरह के जागरूकता के आयोजन में शामिल होने की इच्छा जताई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी-1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )